Uploaded by Dte. of Printing at Government of India Press, Ring Road, Mayapuri, New Delhi-110064
and Published by the Controller of Publications, Delhi-110054.

रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग III—खण्ड 4
PART III—Section 4
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 232] नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, मई 26, 2016/ज्येष्ठ 5, 1938
No. 232] NEW DELHI, THURSDAY, MAY 26, 2016/ JYAISTHA 5 , 1938

ऊर्जा दक्षता ब्यूरो

अधिसूचना

नई दिल्ली, 26 मई, 2016

सं. ईईई/एस एण्ड एल/सीटीटी/02/ 2016-17.—कतिपय विनियमों अर्थात् ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (कलर टेलीविजन के लेबलों पर उनके प्रदर्शन की विशिष्टियां और रीति) विनियम, 2015 का प्रारूप जिसे ऊर्जा संरक्षण अधिनियम, 2001 (2001 का 52) की धारा 58 की उपधारा (1) की आदेशानुसार अधिसूचना सं. ईईई/एस एण्ड एल/सीटीटी/02/2015-16 द्वारा तारीख 09 अक्तूबर, 2015 को प्रकाशित किए गए थे जिनमें ऐसे व्यक्तियों से जिनके इससे प्रभावित होने की संभावना है, राजपत्र में उक्त अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से 45 दिन की विनिर्दिष्ट अवधि के भीतर आपेक्ष और सुझाव आमंत्रित किए गए थे।

और उक्त प्रारूप विनियमनों की प्रतियां जनता को 09 अक्तूबर, 2015 को उपलब्ध करा दी गई थीं।

और पूर्वोक्त अवधि के भीतर उक्त प्रारूप विनियमनों के संबंध में सुझाव प्राप्त किए गए।

और इस संबंध में प्राप्त सुझाव पर विचार किए गए ;

अत: उक्त अधिनियम की धारा 13 के उपधारा (2) के खण्ड (ढ) और धारा 14 के खण्ड (घ) के साथ पठित धारा 58 की उपधारा (2) के खण्ड (झ) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए ब्यूरो, केन्द्रीय सरकार के पूर्व अनुमोदन से निम्नलिखित विनियमन बनाती है, अर्थात् :-

1. **संक्षिप्त नाम और प्रारंभ** :-(1) इन विनियमों का संक्षिप्त नाम ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (कलर टेलीविजन के लेबलों पर उनके प्रदर्शन की विशिष्टियां और रीति) विनियम, 2016 है।

(2) ये राजपत्र में इनके अंतिम प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

2. **परिभाषा** :- (1) इन विनियमों में, जब तक कि संदर्भ में अन्यथा अपेक्षित न हो,-

(क) "अधिनियम" से ऊर्जा संरक्षण अधिनियम, 2001 (2001 का 52) अभिप्रेत है;

(ख) "कलर टेलीविजन" से अधिनियम की धारा 14 के खण्ड (ख) के अधीन अधिसूचना में यथाविनिर्दिष्ट उपसाधन अभिप्रेत है;

(ग) "प्ररूप" से इन विनियमों के साथ संलग्न प्ररूप अभिप्रेत है;

(घ) "लेबल" से कलर टेलीविजन पर लगाया गया या प्रदर्शित कोई लिखित, मुद्रित, चिह्नित, मुहर लगी या ग्राफिक सामग्री अभिप्रेत है;

(ङ) "लेबल अवधि" से धारा 14 के खण्ड (क) के अधीन केन्द्रीय सरकार द्वारा अधिसूचित ऊर्जा खपत मानक के अधीन तुलनात्मक ऊर्जा खपत की विधिमान्यता अवधि अभिप्रेत है और यदि तुलनात्मक ऊर्जा खपत की विधिमान्यता की अवधि की अंतिम अवधि अधिसूचित नहीं की गई है, तो उस अवधि के लिए केन्द्रीय सरकार द्वारा अधिसूचित नए मूल्यों तक विधिमान्य मानी जाएगी;

(च) "मॉडल या मॉडलों का वर्ग" से किसी विशेष ब्राण्ड का मॉडल या मॉडलों की रेंज अभिप्रेत है जिसके संबंध में जांच रिपोर्टों का एकल संवर्ग प्रयोज्य है और जहां प्रत्येक मॉडल के समान भौतिक लक्षण, वार्षिक विद्युत खपत, ऊर्जा दक्षता क्षेत्रों और निष्पादन लक्षण समान हैं;

(छ) "अनुज्ञाधारक" से ऐसे व्यक्ति या ऐसी अभिकरण अभिप्रेत है जिसे विनियम 7 के अधीन लेबल लगाने के लिए अनुज्ञा दी गई है;

(ज) "स्टार रेटिंग या स्टार लेबल" से कलर टेलीविजन की तुलनात्मक विद्युत खपत को सूचित करने के लिए अधिनियम की धारा 14 के खण्ड (क) के अधीन केन्द्रीय सरकार द्वारा अधिसूचित ऊर्जा खपत मानक पर आधारित कलर टेलीविजन के लेबल पर प्रदर्शित ऊर्जा दक्षता का ग्रेड अभिप्रेत है;

(झ) किसी लेबल लगे कलर टेलीजिवन के संबंध में "व्यापारी या विक्रेता" से वह व्यक्ति अभिप्रेत है जो ऐसे कलर टेलीजिवन की बिक्री या वितरण करता है और जिसमें ऐसे दुकानदार, व्यापारी, विनिर्माता और कलर टेलीजिवन पर लेबल लगाने के लिए अनुमति प्राप्त अनुज्ञाधारक सम्मिलित हैं।

(2) उन शब्दों और पदों के जो इसमें प्रयुक्त हैं और परिभाषित नहीं हैं किन्तु अधिनियम में परिभाषित हैं वही अर्थ होंगे जो अधिनियम में क्रमश: उनके हैं।

3. लेबल पर प्रदर्शित की जाने वाली विशिष्टियां। (1) प्रत्येक कलर टेलीजिवन पर निम्नलिखित विशिष्टियां प्रदर्शित की जाएंगी, अर्थात् :-

(क) ऊर्जा दक्षता ब्यूरो का प्रतीक चिह्न;

(ख) विनिर्माता या आयातक और ब्राण्ड का नाम;

(ग) सेंटीमीटर में स्क्रीन साइज;

(घ) विनिर्माण या आयात का मॉडल संख्या और वर्ष;

(ङ) उपकरण का प्रकार

(च) कि. वॉ. घण्टा. प्रति वर्ष में वार्षिक ऊर्जा की खपत

(छ) स्टार स्तर;

(ज) लेबल की अवधि; और

(झ) विशिष्ट श्रृंखला कोड;

(2) लेबल का डिजाइन, रंग, आकार और सामग्री इन विनियमों से उपाबद्ध अनुसूची में यथा: विनिर्दिष्ट होगा।

4. लेबलों के प्रदर्शन के लिए समय-सीमा (1) विनियम 3 में विनिर्दिष्ट सभी विवरण वाला लेबल इन विनियमों के लागू होने की तारीख से छह मास की अवधि के भीतर प्रत्येक कलर टेलीविजन पर प्रदर्शित किया जाएगा।

(2) केन्द्रीय सरकार द्वारा अधिनियम की धारा 14 के खण्ड (क) के अधीन ऊर्जा खपत मानकों के प्रारंभ से ही प्रत्येक अनुज्ञाधारक या व्यापारी या बिक्रेता यह सुनिश्चित करेगा कि : -

(क) बिक्री के लिए रखे गए कलर टेलीविजन पुनरीक्षित ऊर्जा खपत मानकों के साथ समक्रमण कर पुनरीक्षित स्टार स्तर और संशोधित लेबल अवधि भी प्रदर्शित करेंगे और कलर टेलीविजन का विनिर्माण वर्ष भी संशोधित ऊर्जा खपत मानकों के साथ संक्रमण में होगा और पूर्व ऊर्जा खपत मानकों के आधार पर कलर टेलीविजन का उत्पादन नहीं करेगा।

(ख) डीलरों, खुदरा व्यापारियों को जानकारी देने के लिए उनकी जागरूकता के साथ ही उपभोक्ताओं को शिक्षित करने के लिए अपेक्षित प्रचार-प्रसार सहित सभी प्रारंभिक उपाय इन विनियमों के अधीन ऐसे प्रारंभ की तारीख से छह मास पूर्व नियोजित और निष्पादित किए जाएंगे।

5. लेबल प्रदर्शित करने की रीति - (1) बिक्री स्थल पर प्रत्येक कलर टेलीविजन पर लेबल प्रदर्शित किया जाएगा और ऐसे लेबल कलर टेलीविजन पर निम्नलिखित रीति में चिपकाए जाएंगे, अर्थात्:-

(क) या तो यह गैर चिपचिपे स्तर पॉप प्रकार या एक स्विंग टैग (टिकाऊ गत्ते) के रूप में यह सामने की ओर संलग्न किया जा सकता है;

(ख) पीछे की ओर लगाया हुआ स्व- आसंजक लेबल; और

(ग) कार्टन बॉक्स पर लगाया हुआ स्व- आसंजक लेबल।

(2) प्रदर्शित न किए गए कलर टेलीविजन के लिए, लेबल पेकिंग के बाहर लगाया जाए और जब इसे बिक्री के लिए रखा जाए तो यह लेबल इकाई के साथ लगाया जाए।

6. लेबल के प्रदर्शन के लिए अनुज्ञा-(1) ब्यूरो की पूर्व अनुज्ञा प्राप्ति के बिना कलर टेलीविजन पर कोई स्टार नहीं लगाया जाएगा।

(2) उप- विनियम (1) के अधीन ब्यूरो की अनुज्ञा प्राप्त करने के प्रयोजन के लिए, आवेदन प्रपत्र - I में और इलेक्ट्रॉनिक रूप में किया जाएगा;

परन्तु कलर टेलीविजन के प्रत्येक मॉडल के लिए पृथक आवेदन किया जाएगा;

(3) उप- विनियम (2) के अधीन प्रत्येक आवेदन के साथ निम्नलिखित लगे होंगे –

(क) ऊर्जा दक्षता ब्यूरो, नई दिल्ली के पक्ष में आहरित डिमांड ड्राफ्ट या संदाय के किसी इलैक्ट्रानिक ढंग द्वारा संदेय दो हजार रुपए की आवेदन फीस;

(ख) ऊर्जा दक्षता ब्यूरो, नई दिल्ली के पक्ष में डिमांड ड्राफ्ट द्वारा संदेय एक लाख रुपए का लेबल प्रतिभूति शुल्क या संदाय किसी इलेक्ट्रानिक ढंग से।

परन्तु लघु उद्योग लेबल प्रतिभूति शुल्क केवल पच्चीस हजार रुपए होगी-; और

(ग) प्ररूप-1 में विनिर्दिष्ट दस्तावेज ;

7. अनुज्ञा की मंजूरी - (1) विनियम 6 के अधीन प्राप्त आवेदन पर विचार करने के पश्चात् और यह समाधान हो जाने के पश्चात् कि उसमें सभी अपेक्षाओं का पालन किया गया है। ब्यूरो इस प्रकार प्राप्ति की तारीख से एक मास की अवधि के भीतर, विनियम 8 में विनिर्दिष्ट ऐसे निबंधनों और शर्तों के अध्यधीन प्ररूप-2 या इलेक्ट्रॉनिक प्ररूप में कलर टेलिविजन पर लेबल चिपकाने के लिए आवेदक को अनुज्ञा जारी करेगा।

IndiaCode

(2) ब्यूरो, प्ररूप 3 में रजिस्टर रखेगा और उसमें अनुज्ञाधारक का नाम रजिस्टर करेगा;

(3) उपविनियम (1) के अधीन इस प्रकार मंजूर की गई अनुज्ञा ऐसी अवधि के लिए विधिमान्य होगी जिस तक केन्द्रीय सरकार द्वारा धारा 14 के खण्ड (क) के अधीन यथा: अधिसूचित ऊर्जा खपत मानक द्वारा विनिर्दिष्ट स्टार स्तर प्रवृत्त है;

(4) अनुज्ञा के नवीकरण के लिए कोई आवेदन छह मास के भीतर किंतु इस अवधि की समाप्ति से कम से कम तीन मास पूर्व किया जाएगा। और उसके साथ ऊर्जा दक्षता ब्यूरो, नई दिल्ली के पक्ष में आहरित डिमांड ड्राफ्ट में या संदाय के इलेक्ट्रॉनिक ढंग द्वारा संदेय एक हजार रुपए की फीस लगी होगी;

(5) विधिमान्यता अवधि की समाप्ति के पश्चात् किसी आवेदन को नवीकृत किया जाएगा, ऐसे मामले में अनुज्ञाधारक नया आवेदन करेगा;

(6) उप- विनियम (4) के अधीन नवीकरण के लिए आवेदन की प्राप्ति पर और सभी अपेक्षाएं पूरी होने के संबंध में संतुष्ट होने पर, ब्यूरो ऐसा आवेदन प्राप्त होने की तारीख से एक मास की अवधि के भीतर प्ररूप-II में अनुज्ञा का नवीकरण कर सकता है;

(7) जो अनुज्ञाधारक उस तारीख से कलर टेलीविजन के विद्यमान मॉडल पर लेबल चिपकाने को जारी रखने की अनुज्ञा की मांग करता है, जिस तारीख से संशोधित स्टार स्तर प्रवृत्त हुआ है, केवल प्ररूप IV में एक घोषणा प्रस्तुत करेगा;

(8) यदि कलर टेलीविजन के नए मॉडल की योजना संशोधित स्टार लेबल के साथ ताल-मेल बिठाकर शुरू करने की है तो अनुज्ञाधारक को नया लेबल चिपकाने की अनुज्ञा लेनी होगी और ऐसी अनुज्ञा के लिए आवेदन संशोधित स्टार लेबल के प्रवृत्त होने से छह मास पूर्व किया जाए।

8. लेबल पर विशिष्टियों को प्रदर्शित करने के लिए निबंधन और शर्तें:- प्रत्येक अनुज्ञाधारक और व्यापारी और विक्रेता लेबल पर विशिष्टियों को प्रदर्शित करने के लिए निम्नलिखित निबंधनों और शर्तों का पालन करेगा, अर्थात्:-

(क) कलर टेलीविजन के लेबल पर प्रदर्शित स्टार लेबल अधिनियम की धारा 14 के खण्ड (क) के अधीन केन्द्रीय सरकार द्वारा अधिसूचित कलर टेलीविजन के लिए ऊर्जा खपत मानकों के अनुरूप होंगे;

(ख) यह लेबल कलर टेलीविजन के ऐसे मॉडलों पर ही चिपकाया जाएगा जिसके लिए अनुज्ञा ली गई है;

(ग) लेबल को अनुज्ञाधारक की लागत पर मुद्रित और कलर टेलीविजन पर चिपकाया जाएगा;

(घ) अनुज्ञाधारक, व्यापारी और विक्रेता यह सुनिश्चित करेगा कि कलर टेलीविजन पर लेबल पर प्रदर्शित स्टार लेबल हर समय बना रहेगा;

(ङ) अनुज्ञाधारक विनियम 9 में यथा: विनिर्दिष्ट लेबल शुल्क का भुगतान करेगा;

(च) अनुज्ञाधारक ब्यूरो को विवरण मुहैया करेगा जिसमें लेबल लगे उपकरणों को बनाने का ब्यौरा और वित्तीय वर्ष की प्रत्येक तिमाही के अंत में निम्नलिखित मास के भीतर प्रत्येक तिमाही के लिए देय प्रोद्भूत लेबलिंग शुल्क का विवरण हो;

(छ) अनुज्ञाधारक, ब्यूरो को अपने लेबल लगे उत्पादों की बिक्री के लिए नियुक्त प्रत्येक वर्ष 30 अप्रैल को प्राधिकृत वितरकों, डीजरों और थोक विक्रेताओं एवं विक्रेताओं की सूची मुहैया करेगा;

(ज) अनुज्ञाधारक, व्यापारी और विक्रेता ऐसे अन्य निबंधनों और शर्तों का पालन करेंगे जिसे ब्यूरो, मानक और लेबलिंग के संबंध में ब्यूरो की नियम पुस्तिका में विनिर्दिष्ट किए गए हों;

9. लेबल फीस- (1) प्रत्येक अनुज्ञाधारक, ब्यूरो को कलर टेलीविजन पर प्रत्येक चिपकाए गए लेबल के लिए 10 रुपए का लेबल शुल्क भुगतान करेगा।

(2) उप-विनियम (1) के अधीन विनिर्दिष्ट लेबल शुल्क, प्रत्येक वित्तीय वर्ष की अंतिम तारीख से एक मास के भीतर वार्षिक रूप से संदाय की जाएगी;

परंतु इस प्रकार विनिर्दिष्ट अवधि के भीतर लेबल शुल्क संदाय करने में असफल रहने पर विनियम 6 के उपधारा 3 के खंड (ख) के अधीन ब्यूरो लेबल प्रतिभूति शुल्क से प्रतिवर्ष दस प्रतिशत ब्याज सहित संदत्त शोध्य रकम वसूल कर सकेगा। यदि इसे जमा किए जाने की अंतिम तारीख से एक मास के भीतर पूरा लेबलिंग शुल्क वसूल नहीं किया जाता तो ब्यूरो अनुज्ञाधारक को स्वीकृत सभी लेबल रद्द कर सकता है और अनुज्ञाधारक का नाम व्यतिक्रम करने वाले के रूप में समाचार पत्र में प्रकाशित कर सकता है।

10. लेबल प्रतिभूति शुल्क का प्रतिदाय:- विनियम 9 के उप-विनियम (2) के परन्तुक के अध्यधीन, अनुज्ञाधारक कलर टेलीविजन का विनिर्माण बंद करने पर लेबल प्रतिभूति शुल्क का प्रतिदाय का हकदार होगा।

11. ब्यूरो द्वारा सत्यापन- (1) ब्यूरो या उसकी नामनिर्दिष्ट अभिकरण, स्वप्रेरणा से या उसे शिकायत प्राप्त होने पर, यह सुनिश्चित करने के लिए सत्यापन करेगा कि कलर टेलीविजन इसके लेबल पर प्रदर्शित स्टार लेबल और अन्य विशिष्टियों के अनुरूप है और यह कि वह अनुज्ञा के अन्य निबंधनों और शर्तों के अनुपालन में है।

(2) सत्यापन के प्रयोजन के लिए, ब्यूरो या विनिर्माता सुविधा से उसकी नामनिर्दिष्ट अभिकरण द्वारा जैसे वह उचित समझे, भण्डारगृह या फुटकर विक्रय केन्द्र से यादृच्छिक तौर पर सम्यक रूप से नमूने एकत्र करेगा;

(3) जहां उप-विनियम (1) के अधीन शिकायत प्राप्त होने पर ब्यूरो द्वारा जांच और राष्ट्रीय परीक्षण और अंशांकन प्रयोगशाला प्रत्यायन बोर्ड द्वारा सम्यक रूप से प्रत्यायित स्वतंत्र प्रयोगशाला की कलर टेलीविजन जांच को चुनौती देकर सत्यापन करना अपेक्षित है, अनुज्ञाधारक को ऐसे परीक्षण के निष्पादन के लिए नोटिस जारी किया जाएगा और शिकायतकर्ता को ब्यूरो के पास परीक्षण, परिवहन संबंधी खर्च और अन्य आकस्मिक व्यय, ऐसी समयावधि में जमा कराने की मांग करेगा जो ब्यूरो द्वारा अवधारित की गई हो और यदि जांच परीक्षण के अधीन लिए गए नमूने असफल रहते हैं तो ब्यूरो को नमूने लेने, नमूने के परिवहन और जांच प्रभारों की लागत के लिए सभी व्यय की प्रतिपूर्ति अनुज्ञाधारक द्वारा वहन की जाएगी और ब्यूरो पूर्वोक्त व्यय शिकायतकर्ता को प्रतिदाय करेगा और जहां उपकरण चुनौती परीक्षण पर खरे उतरते हैं, तब शिकायतकर्ता द्वारा जमा कराए गए व्यय समपहृत कर लिए जाएंगे;

(4) जहां जांच के लिए कलर टेलीविजन के नमूने स्वप्रेरणा से परीक्षण या चुनौती परीक्षण के दौरान परीक्षण में असफल रहते हैं, अनुज्ञाधारक को एक अन्य अवसर दिया जाएगा और ब्यूरो, अनुज्ञाधारक की लागत पर राष्ट्रीय परीक्षण और अंशांकन प्रयोगशाला प्रत्यायन बोर्ड द्वारा सम्यक रूप से प्रत्यायित स्वतंत्र प्रयोगशाला में प्रथम जांच में प्रयुक्त कलर टेलीविजन के दो गुने परिमाण में दूसरा परीक्षण करेगा;

(5) जहां, दूसरा परीक्षण असफल होता है, ब्यूरो,-

(क) प्ररूप 5 में अनुज्ञाधारक को सभी राज्य के सभी नामनिर्दिष्ट अभिकरणों को निदेश देगा कि अनुज्ञाधारक दो मास की अवधि के भीतर,

(i) कलर टेलीविजन के लेबल पर सही स्टार लेबल प्रदर्शित करेगा या परीक्षण के दौरान पायी गई त्रुटियों और ख़ामियों को दूर करेगा;
(ii) ब्यूरो के दिशा-निर्देशों के अनुपालन में बाजार से सभी स्टॉक को वापस लेगा; और
(iii) विज्ञापित सामग्री पर प्रदर्शित विशिष्टियों में परिवर्तन करेगा।

(ख) उपभोक्ताओं के लाभ के लिए, दो मास के भीतर अनुज्ञाधारक का नाम, ब्राण्ड का नाम, मॉडल का नाम अथवा मॉडल संख्या, प्रतीक चिह्न और अन्य विनिदेश किसी राष्ट्रीय या क्षेत्रीय दैनिक समाचारपत्र या इलेक्ट्रोनिक साधन अथवा जैसा उचित समझे किसी अन्य रीति से प्रकाशित करेगा;

(ग) संबंधित राज्य नामनिर्दिष्ट अभिकरण को अधिनियम की धारा 27 के अधीन अनुज्ञाधारक और व्यापारी के खिलाफ न्यायिक न्यायनिर्णयन कार्यवाही करने के लिए सूचित करेगा।

(6) अनुज्ञाधारक उप-विनियम (5) में निर्दिष्ट दो मास की अवधि की समाप्ति के दस दिन के भीतर,-

(क) ब्यूरो को दिशा-निर्देश के अनुपालन में की गई कार्रवाई के संबंध में प्ररूप 6 में अनुपालन रिपोर्ट भेजेगा; और

(ख) यदि खण्ड (क) में निर्दिष्ट अनुपालन रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई है अथवा विनिर्दिष्ट अवधि के भीतर किसी निर्देश का पालन किए बिना प्राप्त होती है, इसे जारी निदेशों का अननुपालन माना जाएगा और ब्यूरो द्वारा उस प्रभाव के आदेश पारित कर दिए जाएंगे।

(7) ब्यूरो अधिनियम की धारा 17 के अधीन कार्रवाई करने के प्रयोजनार्थ सभी राज्य नामनिर्दिष्ट अभिकरणों को उप विनियम-(6) के खण्ड (क) में निर्दिष्ट अनुपालन रिपोर्ट और खण्ड (ख) में पारित आदेश की प्रति, आवश्यक दस्तावेजों सहित भेजेगा और उक्त उप विनियम के खण्ड (ख) के अधीन पारित आदेशों का प्रवर्तन करेगा;

(8) जहां अनुज्ञाधारक, ब्यूरो द्वारा उप विनियम (5) के अधीन जारी किए गए दिशानिर्देशों का अनुपालन - में असफल रहता है, वहां ब्यूरो सभी राज्य नामनिर्दिष्ट अभिकरणों को सूचना देते हुए -

(क) विनियम 7 के उप विनियम-(1) के अधीन अनुज्ञाधारक को मंजूर की गई अनुमति वापस ले लेगा;

(ख) केन्द्रीय सरकार को अनुज्ञाधारक द्वारा अधिनियम की धारा 14 के खण्ड (क) के अधीन केन्द्रीय सरकार द्वारा अधिसूचित ऊर्जा खपत मानक ब्यूरो द्वारा उप-विनियम (6) के खण्ड (क) में विनिर्दिष्ट निदेशों का अनुपालन करने में असफलता के समर्थन में जांच रिपोर्ट के साथ, विचारार्थ और केन्द्रीय सरकार द्वारा ऊर्जा संरक्षण अधिनियम की धारा 14 के खण्ड (ग) के अधीन कार्रवाई करने के लिए रिपोर्ट भेजेगा।

(ग) उपभोक्ताओं के लाभ के लिए, दो मास के भीतर, किसी राष्ट्रीय या क्षेत्रीय दैनिक समाचार पत्र में और किसी इलेक्ट्रॉनिक या किसी अन्य रीति से जैसा उचित समझे, अनुज्ञाधारक का नाम, ब्रांड नाम, मॉडल का नाम या मॉडल संख्या, प्रतीक चिह्न और अन्य विनिदेश प्रकाशित करेगा।

(घ) संबंधित राज्य नामनिर्दिष्ट अभिकरणों को अधिनियम की धारा 27 के अधीन अनुज्ञाधारक और व्यापारी के विरूद्ध आगे अधिनिर्णयन कार्यवाही आरंभ करने के लिए सूचित करेगा।

12. अनुज्ञा का रद्दकरण .-

ब्यूरो विनियम 7 के अधीन मंजूर की गई अनुज्ञा को वापस ले सकेगा, यदि अनुज्ञाधारक —

(क) विनियम 8 के अधीन विनिर्दिष्ट किन्ही निबंधनों और शर्तों का अनुपालन करने में असफल रहता है;

(ख) विनियम 9 के अधीन विनिर्दिष्ट अवधि के भीतर लेबल फीस का भुगतान करने में असफल रहता है;

(ग) विनियम 11 के अधीन जारी निदेशों का अनुपालन नहीं करता है।

प्ररूप I

[विनियम 6 देखें]

ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (कलर टेलीविजन के लेबलों पर उनके संप्रदर्शन की विशिष्टियां और रीति) विनियम, 2016 के अधीन कलर टेलीविजन पर लेबल चिपकाने की अनुमति हेतु आवेदन

महा निदेशक
ऊर्जा दक्षता ब्यूरो
(विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार)चौथा तल, सेवा भवन,सेक्टर – 1, आर. के. पुरम
नई दिल्ली – 110 066
भारत

मैं / हम _____ (व्यक्ति या फर्म का पूरा नाम) _____ अभिनाम के अधीन _____ _____ (कारबार का पूरा पता) कारबार करने के लिए कलर टेलीविजन का/के विनिर्माता अथवा आयातक हूं / हैं जैसा ऊर्जा दक्षता ब्यूरो कलर टेलीविजन के लेबलों पर उनके संप्रदर्शन की विशिष्टियां और रीति) विनियम, 2016 में ब्यूरो द्वारा विनिर्दिष्ट है, कलर टेलीविजन पर प्रदर्शित करने / लगाने की अनुमति पाने हेतु आवेदन करता हूं / करते हैं।

2. विनिर्माणकारी सुविधा : उपरोक्त उपस्कर _____ (कंपनी का नाम) द्वारा विनिर्मित या आयातित है और _____ (कारखाने का नाम और पता) में विनिर्मित है।

3. सूचना के ब्यौरे : उपस्कर, कंपनी, विनिर्माण सुविधा, परीक्षण उत्पादों के लिए प्रमाणन, लेबल और भुगतान के संबंध में विस्तृत सूचना उपाबध में दी गई है। फर्म का रजिस्ट्रार अथवा संस्थाओं / उद्योग निदेशक (लघु इकाइयों के मामले में) द्वारा जारी निगमन प्रमाणपत्र अथवा अन्य सदृश दस्तावेजों की प्रतिलिपि संलग्न है जो फर्म का नाम और इसके विनिर्माण परिसरों को अनुप्रमाणित करते हैं, संलग्न है।

(क) आवेदक/ प्राधिकृत व्यक्ति : _____ (नाम और पदनाम) कंपनी/ फर्म आदि की ओर से यह आवेदन करने के लिए प्राधिकृत है और वह इस आवेदन के साथ दी गई सूचना की शुद्धता और अधिप्रमाणिकता के लिए उत्तरदायी होगा।

(ख) संपर्क व्यक्ति : _____ (नाम और पदनाम) इस आवेदन और लेबल के उपयोग के संबंध में ब्यूरो के साथ समन्वय करने के लिए अधिकृत संपर्क व्यक्ति है।

(ग) मैं/हम उपरोक्त (क) अथवा (ख) में परिभाषित प्राधिकृत व्यक्तियों में किसी परिवर्तन के बारे में ब्यूरो को सूचित करने का वचन देता हूं/ देते हैं।

4. मानकों का अनुपालन : मैं/हम _____ (उपस्कर का नाम) के लिए _____ (अधिसूचना का शीर्ष) के संबंध में अधिसूचना में यथा: विनिर्दिष्ट आईएस/अन्य (मानक का नाम और संख्या) _____ के अनुसार क्वालिटी प्रणाली / अन्य मानकों के संबंध में भारतीय मानक ब्यूरो / अन्य अंतरराष्ट्रीय मानकों का पालन करते हैं। संगठन और / अथवा उपरोक्त उपकरण के संबंध में अनुज्ञप्ति /प्रमाणपत्र की प्रतिलिपि संलग्न है।

मैंने / हमने, उपस्कर की क्वालिटी की निरंतरता सुनिश्चित करने के लिए अपनी आंतरिक प्रयोगशाला _____ अथवा राष्ट्रीय परीक्षण और अंशांकन प्रयोगशाला प्रत्यायन बोर्ड द्वारा समक्रमणित प्रयोगशाला _____ (प्रयोगशाला का नाम और पता) में परीक्षण हेतु व्यवस्था कर ली है।

स्वतंत्र प्रयोगशाला का ब्यौरा :

क) परीक्षण विवरण (परीक्षण प्रक्रिया/नाम/संख्या)

ख) प्रत्यायन की प्रास्थिति :

ग) ऊर्जा दक्षता ब्यूरो का अनुमोदन :

5. मेरी/ हमारी जानकारी और प्राक्कलन के अनुसार, उक्त उपस्कर के उत्पादन और बिक्री संबंधी आंकड़े और इनका मूल्य निम्नानुसार हैं :

वर्ष	उत्पादन	बिक्री	उपस्कर का अधिकतम खुदरा मूल्य (रु.)
..... से ..... तक अंतिम वर्ष ..... से ..... तक चालू वर्ष (अनुमान)			

6. (क) मांग पत्र सं. _____ तारीख _____ / इलेक्ट्रॉनिक ढंग द्वारा दो हजार रुपए के आवेदन शुल्क और लागू सेवा कर _____ का संदाय कर दिया गया है।

(ख) मांग पत्र सं. _____ तारीख _____ इलेक्ट्रॉनिक ढंग द्वारा एक लाख / पच्चीस हज़ार रुपए की लेबल प्रतिभूति शुल्क का संदाय कर दिया गया है।

(ग) मैं/हम ब्यूरो द्वारा यथा विनिर्दिष्ट दस रुपए प्रति लेबल के लेबलिंग शुल्क का संदाय करने को सहमत हूं/हैं।

7. मैं/हम ब्यूरो द्वारा विनिर्दिष्ट सभी निबंधनों एवं शर्तों का पालन करने और ब्यूरो द्वारा कोई पूछताछ किए जाने की स्थिति में उसे आवश्यक सहायता/सहयोग देने को सहमत हूं/हैं।

8. मैं/हम ऊर्जा दक्षता ब्यूरो को सत्यापन के लिए नमूने का चयन करने और परीक्षण पर आक्षेप करने के लिए प्राधिकृत करता हूं/करते हैं और इस संबंध में ब्यूरो के निर्देशों का पालन करने को सहमत हूं/हैं।

IndiaCode

9. मैं/हम यह घोषणा करता हूं/ करते हैं कि इस आवेदन पत्र में दी गई सूचना मेरी/हमारी जानकारी के अनुसार सही है और यदि कोई सूचना गलत पाई जाती है; आवेदन-पत्र को तत्काल अस्वीकृत किया जा सकता है।

तारीख ..... दिवस ..... (वर्ष)

भवदीय,

हस्ताक्षर .....

नाम .....

पदनाम .....

के लिए और उनकी ओर से

(फर्म का नाम)

फर्म की मुहर

उपाबंध

(प्ररूप 1 का पैरा 3 देखिए)

जानकारी के ब्यौरे

1. उत्पाद/उपस्कर के विवरण

1.1 साधारण

उपस्कर और प्रकार	
ब्रांड	
मॉडल का नाम / संख्या	
स्क्रीन का साइज (सेंटीमीटर)	
स्क्रीन का क्षेत्रफल (वर्ग सेंटीमीटर)	
लुमिनेंस अनुपात	
ऑटोमेटिक ब्राइटनेस कंट्रोल (हां / नहीं)	
वोल्टेज / वोल्टेज रेंज	
विनिर्माण का वर्ष	
भारतीय मानक ब्यूरों प्रमाणपत्र के ब्यौरे (यदि कोई हों) (लाइसेंस / प्रमाणपत्र की प्रति संलग्न करें)	
क्वालिटी प्रणाली प्रमाणपत्र के ब्यौरे (लाइसेंस / प्रमाणपत्र की प्रति संलग्न करें)	
ऊर्जा खपत (प्रति वर्ष कि. वॉ. घं.)	

1.2 तकनीकी ब्यौरे

क्र. सं.	मॉडल का नाम / संख्या	मापे गए मान				घोषित मूल्य				टिप्पणियां
		स्क्रीन का साइज (सें. मी.)	स्क्रीन का क्षेत्रफल (वर्ग सेंटी मीटर)	ऊर्जा खपत (कि. वॉ. घं. / वर्ष)	स्टार लेबल या मापित ऊर्जा दक्षता स्तर	स्क्रीन का साइज (सें. मी.)	स्क्रीन का क्षेत्रफल (या वर्ग सेंटी मीटर)	ऊर्जा खपत (कि. वॉ. घं. / वर्ष)	स्टार लेबल या मापित ऊर्जा दक्षता स्तर	

2. कंपनी के ब्यौरे

कंपनी का नाम :	
पता	
पिन कोड	
राज्य	

IndiaCode

फोन नं.	
फैक्स नं.	
ई-मेल	
वेबसाइट	

3. विनिर्माण परिसर के ब्यौरे

पता	
पिन कोड	
राज्य	
फोन नं.	
फैक्स नं.	
ई-मेल	
वेबसाइट	
अन्य कोई ब्यौरे	

4. जांच प्रयोगशाला के ब्यौरे

जांच प्रयोगशाला का नाम	
प्रत्यायन स्थिति (प्रत्यायन प्रमाण पत्र की प्रति संलग्न करें)	
प्रत्यायन की विधिमान्यता (समर्थन दस्तावेज संग्लन करें)	
पता	
पिन कोड	
राज्य	
फोन नं.	
फैक्स नं.	
ई-मेल	
वेबसाइट	

5. लेबल लगाने की जानकारी

प्रारंभ की तारीख	
ऊर्जा दक्षता ब्यूरो के लिए अनुप्रयुक्त लेबलों का नाम पहले वर्ष के लिए – दूसरे वर्ष के लिए – तीसरे वर्ष के लिए -	
उत्पाद सीरिज सं.	..... से..... तक _____

IndiaCode

6. संदाय के ब्यौरे

	कुल रकम	संदाय के ब्यौरे (डिमांड ड्राफ्ट के ब्यौरे/इलेक्ट्रॉनिक संदाय के ब्यौरे)
आवेदन शुल्क **प्रतिभूति शुल्क**		

तारीख

हस्ताक्षर .....
नाम .....
पदनाम .....
..... के लिए और उनकी ओर से
.....
(फर्म का नाम)
फर्म की मुहर .....

प्ररूप II

[विनियम 7 के उपविनियम (1) देखें]

ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (कलर टेलीविजनों के लेबलों पर उनके संप्रदर्शन की विशिष्टियां और रीति) विनियम, 2016 के तहत कलर टेलीविजन पर लेबल लगाने की अनुमति / अनुमति का नवीकरण

नई दिल्ली, तारीख: .....

सेवा में,

.....

.....

1. ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (कलर टेलीविजनों के लेबलों पर उनके संप्रदर्शन की विशिष्टियां और रीति) विनियमन, 2016 के विनियम 7 के उपबंधों के अनुसरण में, ब्यूरो आपको इस पत्र के साथ अनुबंध में बताए गए अनुमोदनों के ब्यौरे के अनुसार लेबल लगाने की अनुमति प्रदान करता है।

2. यह अनुमति निम्नलिखित के अध्यधीन है —

(क) कलर टेलीविजन के लेबल पर दर्शाया गया स्टार स्तर अधिनियम की धारा 14 के खण्ड (क) के अधीन कलर टेलीविजन के लिए अधिसूचित ऊर्जा खपत मानकों और उपरोक्त विनियमों में दिए गए निबंधनों व शर्तों को पूरा करता हो;

(ख) लेबल कलर टेलीविजन के उस मॉडल पर ही चिपकाया जाएगा जिसके लिए अनुमति प्रदान की गई है;

(ग) लेबल, अनुज्ञाधारक की लागत पर मुद्रित और कलर टेलीविजन पर चिपकाया जाएगा;

(घ) अनुज्ञाधारक यह सुनिश्चित करेगा कि कलर टेलीविजन पर प्रदर्शित स्टार स्तर हमेशा बना रहेगा;

(ङ) अनुज्ञाधारक प्रति लेबल दस रुपए फीस का संदाय करेगा;

(च) अनुज्ञाधारक ब्यूरो को एक विवरण मुहैया करेगा जिसमें लेबल धारक उपस्कर के उत्पादन और वित्तीय वर्ष की प्रत्येक तिमाही के अंत से अगले माह के भीतर प्रत्येक तिमाही के लिए प्रोद्भूत लेबलिंग शुल्क का विवरण होगा। यह विवरण ब्यूरो को स्वचालित प्रणालियों के माध्यम से भी प्रदान की जाएगी।

(छ) अनुज्ञाधारक कलर टेलीविजन के संबंध में अन्य विवरण, जिसके लिए अनुमति प्रदान की गई है,जैसे और जब भी ब्यूरो द्वारा मांगा जाता है, भी प्रदान करेगा।

3. यह अनुमति ..... से ..... तक विधिमान्य होगी और विनिर्देशों के अनुसार इसका नवीकरण कराया जा सकता है। अनुज्ञाधारक, अनुमति की विधिमान्यता अवधि के दौरान, ब्यूरो के पूर्व अनुमोदन से छोड़कर, कलर टेलीविजन को बाजार से नहीं हटाएगा।

4. ऊर्जा दक्षता ब्यूरो द्वारा अनुमोदित डिजाइन के अनुसार उपस्कर के लिए समनुदेशित की गई विशेष लेबल श्रृंखला कोड ..... है और यह लेबल पर अनुमोदित डिजाइन के अनुसार दिखाई देनी चाहिए।

5. जहां ब्यूरो द्वारा पुनरावलोकन के अधीन स्टार स्तर योजना को उपांतरित किया गया है, कलर टेलीविजन का स्टार स्तर निम्नानुसार उपांतरित होगा:-

(क) यदि संशोधित स्टार स्तर के सामंजस्य में नया मॉडल शुरू किया जाता है, ऐसी अनुमति के लिए ब्यूरो के पास उस तारीख से छह माह अग्रिम में आवेदन किया जाए जिस तारीख से नए स्टार स्तर लागू होंगे;

(ख) जहां उपातंरित स्टार स्तर लागू करने के लिए विद्यमान मॉडल को जारी रखा जाता है, ब्यूरो के पास प्रारूप IV में घोषणा ही प्रस्तुत की जाएगी।

6. .....तारीख .....मास..... वर्ष को हस्ताक्षरित मुहरबंद और तारीखबद्ध

(सचिव)
ऊर्जा दक्षता ब्यूरो

उपाबंध

(प्ररूप 2 का पैरा 1 देखिए)

अनुमोदन के ब्यौरे

1. उपस्कर के ब्यौरे


उपस्कर और प्रकार	
ब्रांड	
मॉडल का नाम / संख्या	
स्क्रीन का साइज	
स्क्रीन का क्षेत्रफल	
वोल्टेज / वोल्टेज रेंज	
विनिर्माण का वर्ष	

क्र. सं.	मॉडल का नाम / संख्या	मापे गए मान				घोषित मूल्य				टिप्पणियां
		स्क्रीन का साइज (सें. मी.)	स्क्रीन का क्षेत्रफल (वर्ग सेंटी मीटर)	ऊर्जा खपत (कि. वॉ. घं. / वर्ष)	स्टार लेबल या मापित ऊर्जा दक्षता स्तर	स्क्रीन का साइज (सें. मी.)	स्क्रीन का क्षेत्रफल (वर्ग सेंटी मीटर)	ऊर्जा खपत (कि. वॉ. घं. / वर्ष)	स्टार लेबल या मापित ऊर्जा दक्षता स्तर	

2. लेबल के ब्यौरे

उपस्कर	
प्रकार	
विनिर्माता / आयातक / ब्रांड का नाम	
मॉडल का नाम/संख्या	
स्टॉर लेबल	
स्क्रीन का साइज	
स्क्रीन का क्षेत्रफल	
विनिर्माण का वर्ष	
ऊर्जा खपत (कि. वॉ. घं. प्रति वर्ष)	
लेबल की अवधि	

3. कलर टेलीविजन पर लगाया जाने वाला ब्यूरो द्वारा सम्यक रूप से अनुमोदित लेबल का नमूना, जो नीचे दर्शाया गया है।



पत्र में यूनिक लेबल श्रृंखला कोड दिया गया है जिसे कलर टेलीविजन पर लगाए गए लेबल पर उल्लेख किया गया है।

4. लेबल और लेबल की अंतर्वस्तु तथा ब्यूरो लोगो की कलर स्कीम के लिए उपयोग की जाने वाली लेबल डिज़ाइन साइज कलर स्कीम अनुसूची में यथा विनिर्दिष्ट होगी।

तारीख .....

हस्ताक्षर .....
नाम .....
पदनाम .....
के लिए और उनकी ओर से .....
(फर्म का नाम)
फर्म की मुहर

IndiaCode

प्ररूप III

(विनियम 7 के उप विनियम (2) देखिए)

ऊर्जा दक्षता ब्यूरो द्वारा रखे जाने वाले अनुज्ञाधारकों के रजिस्टर (टेम्पलेट)

क्र. सं.	आवेदन सं. और अनुज्ञा की तारीख	अनुज्ञाधारकों का नाम और ब्यौरे (संपर्क व्यक्ति, पता, पिन कोड, राज्य, फोन नं., फैक्स नं., ई-मेल, वेबसाइट)	उपस्कर के ब्यौरे जिसके लिए अनुज्ञा मंजूर की गई है	स्टार लेबल या घोषित दक्षता स्तर	ऊर्जा दक्षता ब्यूरो अनुज्ञा संख्या और यूनिक लेबल सीरिज	अवधि जिसके लिए अनुज्ञा मंजूर की गई है
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)

लेबल प्रतिभूति शुल्क की रकम	(क्रास डिमांड ड्राफ्ट (ब्यौरे)/इलेक्ट्रॉनिक संव्यवहार (ब्यौरे) : तारीख:) से प्राप्त की गई लेबल प्रतिभूति शुल्क	प्राप्त आवेदन शुल्क की रकम	(क्रास डिमांड ड्राफ्ट (ब्यौरे)/इलेक्ट्रॉनिक संव्यवहार (ब्यौरे) : तारीख:) से प्राप्त आवेदन फीस की रकम के ब्यौरे
(8)	(9)	(10)	(11)

प्रत्येक वित्तीय वर्ष के दौरान लगाए गए लेबलों की कुल संख्या	प्रत्येक वित्तीय वर्ष के लिए ऊर्जा दक्षता ब्यूरो के लिए शोध्य और संदेय फीस के लेबलिंग की रकम	प्रत्येक वित्तीय वर्ष (क्रास डिमांड ड्राफ्ट (ब्यौरे)/इलेक्ट्रॉनिक संव्यवहार (ब्यौरे) : तारीख:) के लिए प्राप्त लेबलिंग फीस, ब्यौरे	टिप्पणियां
(12)	(13)	(14)	(15)

प्ररूप IV

[विनियम 7 का उप विनियम (7) देखिए]

अनुज्ञाधारक द्वारा विद्यमान मॉडल पर लेबल लगाने की अनुज्ञा को जारी रखने की मांग करते हुए घोषणा

(प्रत्येक भिन्न मॉडल के लिए, संबंधित उपाबंध सहित एक पृथक पत्र प्रस्तुत किया जाए।)

(निगमित निकाय / अनुज्ञाधारक के लेटर हैड पर)

तारीख:

सेवा में,
महा निदेशक
ऊर्जा दक्षता ब्यूरो
(विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार)
चौथा तल, सेवा भवन,
सेक्टर – 1, आर. के. पुरम
नई दिल्ली – 110 066
भारत

विषय : ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (कलर टेलीविजन के लेबलों पर उनके संप्रदर्शन की विशिष्टियां और रीति) विनियम, 2016 के .....से प्रभावी स्टार लेबल में पुनरीक्षण के संबंध में लेबल लगाने की अनुज्ञा के लिए आवेदन।

1. मैं/हम [व्यष्टि या फर्म का पूरा नाम] के अभिनाम से [कंपनी का नाम, पूरे पते सहित] में कारबार करने वाला/वाले कलर टेलीविजन का/के विनिर्माता / आयातक हूं / हैं और ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (कलर टेलीविजन के लेबलों पर उनके संप्रदर्शन की विशिष्टियां) विनियम, 2016 में ब्यूरो द्वारा यथा विनिर्दिष्ट कलर टेलीविजन पर लेबल लगाने की अनुज्ञा के लिए आवेदन करता हूं / करते हैं, जिसमें ..... से प्रभावी स्टार लेबल में पुनरीक्षण होगा।

2. उपरोक्त उपस्कर [व्यक्ति या फर्म का पूरा नाम] द्वारा विनिर्मित या आयातित है और इसका (कारखाने का नाम और पता) में विनिर्माण किया गया है अथवा (आयातकर्ता का नाम और पता) से आयात किया गया है

3. नए स्टार लेबल का अनुपालन: मैं / हम .... सारणी के अनुसार सारणी परिवर्तन की पुष्टि करता हूं/करते हैं जैसा कलर टेलीविजन के लिए का.आ. संख्या ..... तारीख ..... में विनिर्दिष्ट है। उपरोक्त उपस्कर के संबंध में ब्यूरो के अनुमोदन की प्रति (जिसे पूर्व में अनुमोदित किया गया था) संलग्न है।

4. कलर टेलीविजन के संबंध में बीईई लेबल (स्टार लेबल परिवर्तन के पुनरीक्षण के अनुसार) की प्रति संलग्न है ।

5. स्टार लेबल के पुनरीक्षण के अनुसार उपस्कर/मॉडल का ब्यौरा ।

मॉडल का नाम - .....

विशिष्टियां	**घोषित मान**	
स्क्रीन का साइज (सेंटीमीटर)	--	
स्क्रीन का क्षेत्रफल (वर्ग सेंटीमीटर)	--	
वार्षिक बिजली खपत (कि. वॉ. घं. / वर्ष)	--	
स्टार रेटिंग	(विद्यमान स्टार लेबल के अनुसार)	(पुनरीक्षित स्टार लेबल के अनुसार)

6. मैं/हम अपने स्टार लेबल में मैनुअल आवेदन के साथ-साथ ऑनलाइन वैब पोर्टल में [विद्यमान स्टार लेबल स्तर] से [पुनरीक्षित स्टार लेबल स्तर] परिवर्तित करने को सहमत हूं/हैं।

7. मैंने/ हमने कथित कलर टेलीविजन मॉडल के लिए अभी तक तिमाही उत्पादन आंकड़े और लेबलिंग फीस जमा करा दिया है।

8. मैं/हम, ब्यूरो द्वारा विनिर्दिष्ट सभी निबंधनों और शर्तों का पालन करने और यदि ब्यूरो द्वारा कोई पूछताछ की जाती है, तो उसे आवश्यक सहायता/ सहयोग देने को सहमत हूं/हैं।

9. मैं/हम, ऊर्जा दक्षता ब्यूरो को सत्यापन करने और जांच को चुनौती देने के लिए नमूने का चयन करने के लिए प्राधिकृत करते हैं और इस संबंध में ब्यूरो के दिशा-निर्देशों का पालन करने को सहमत हूं/हैं।

10. मैं/हम यह वचन देता हूं/ देते हैं कि इस आवेदन में दी गई जानकारी मेरी/हमारी जानकारी के अनुसार सही है और यदि इसमें दी गई कोई जानकारी गलत पाई जाती है, तो आवेदन को तत्काल अस्वीकृत किया जा सकता है।

तारीख:

दिन ..... (वर्ष)

हस्ताक्षर .....

नाम .....

पदनाम .....

..... के लिए और उनकी ओर से

(फर्म का नाम)

फर्म की मुहर

प्ररूप V

[विनियम 11 का उप- विनियम (5) देखिए]

अनुज्ञाधारक को दूसरे जांच परीक्षण में असफल रहने पर निदेश

सेवा में,

नई दिल्ली, तारीख: .....

.....

.....

ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (कलर टेलीविजन के लेबलों पर उनके प्रदर्शन की विशिष्टियां और रीति) विनियम, 2016 के विनियम 7 के उपबंधों के अनुसरण में आपको इसमें विनिर्दिष्ट निबंधनों और शर्तों का अनुपालन करने के अधीन रहते हुए ऊर्जा दक्षता ब्यूरो के तारीख.....के पत्र सं..... द्वारा कलर टेलीविजन पर लेबल लगाने की अनुज्ञा दी गई थी।

2. ब्यूरो ने ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (कलर टेलीविजन के लेबलों पर उनके प्रदर्शन की विशिष्टियां और रीति) विनियम, 2016 के विनियम ..... के अधीन आपके प्राधिकृत वितरक, डीलर, खुदरा व्यापारी से .....रुपए की कीमत की तारीख..... की इनवॉयस संख्या ..... द्वारा बीईई स्टार के लेबल वाला कलर टेलीविजन खरीदकर, ब्यूरो द्वारा उल्लिखित विनियम के विनियम 3 के अधीन लेबल, जो उल्लिखित खरीदे गए कलर टेलीविजन पर आपके द्वारा लगाया गया था, पर प्रदर्शित विशिष्टियों के सत्यापन के लिए नियुक्त अभिकरण, मैसर्स..... द्वारा तारीख..... को नमूने के तौर पर उठवाया था। मैसर्स ..... से श्रृंखला सं. मैसर्स ..... का सम्यक रूप से मुहरबंद नमूना, मैसर्स .....(वितरक, डीलर, खुदरा व्यापारी का नाम) से, सत्यापन अभिकरण के सम्यक रूप से प्राधिकृत प्रतिनिधि के हस्ताक्षर सहित प्राप्त हुआ था।

3. ब्यूरो ने अपनी उल्लिखित सत्यापन अभिकरण के माध्यम से पैरा 2 में निर्दिष्ट नमूना मैसर्स....., राष्ट्रीय परीक्षण और अंशांकन प्रयोगशाला प्रत्यायन बोर्ड प्रत्यायित प्रयोगशाला को का. आ. संख्या..... तारीख..... के पैराग्राफ 3 और 4 में दी गई जांच प्रक्रिया के अनुसार, का. आ. संख्या..... तारीख..... के उपबंध में दिए गए प्ररूप..... के अनुसार जांच रिपोर्ट देने के लिए जांच करने के लिए भेजा था।

4. विशेष पहचान श्रृंखला संख्या वाले नमूने की जांच रिपोर्ट के परिणाम संलग्न हैं। जांच रिपोर्ट के परिणाम दर्शाते हैं कि नमूने वाले कलर टेलीविजन प्रति वर्ष विद्युत इकाइयों की खपत, मानक, विनिर्दिष्ट सकल परिमाण और भंडारण परिमाण आदि को पूरा नहीं करते और यह आपके द्वारा विनिर्मित/ आयातित कलर टेलीविजन के संबंध में लेबल लगाने के लिए मांगी गई अनुमति के लिए आपके द्वारा प्रस्तुत किए गए आवेदन के साथ संलग्न प्ररूप 1 में आपके द्वारा उपलब्ध कराए गए जांच के ब्यौरे की पुष्टि नहीं करते। बीईई के तारीख..... के पत्र सं..... द्वारा जांच के परिणाम आपके अधिकृत संपर्क व्यक्ति के नाम में आपको भेज दिए गए थे। आपसे अनुरोध किया जाता है कि राष्ट्रीय परीक्षण और अंशांकन प्रयोगशाला प्रत्यायन बोर्ड प्रत्यायित प्रयोगशाला मैसर्स ..... में नमूनों के दूसरे जांच सत्यापन परीक्षण में हिस्सा लें।

5. हमारी प्राधिकृत अभिकरण मैसर्स ..... द्वारा तारीख..... को दूसरे जांच सत्यापन परीक्षण के लिए नमूने उठाकर हमारी प्राधिकृत अभिकरण मैसर्स..... द्वारा सम्यक रूप से मुहरबंद कर राष्ट्रीय परीक्षण और अंशांकन प्रयोगशाला प्रत्यायन बोर्ड प्रत्यायित प्रयोगशाला में भेजे गए थे और सत्यापन अभिकरण के सम्यक रूप से प्राधिकृत प्रतिनिधि के साथ-साथ आपके प्रतिनिधियों के हस्ताक्षराधीन ..... से प्राप्त कथित नमूनों पर उत्कीर्ण विशेष पहचान श्रृंखला संख्या दी गई थी।

6. दूसरे जांच सत्यापन परीक्षण के परिणाम संलग्न हैं जिनकी एनएबीएल प्रत्यायित प्रयोगशाला के सक्षम प्राधिकृत कार्मिक द्वारा जांच की गई है और जिनके संबंध में प्रतिहस्ताक्षर किए गए हैं। जांच रिपोर्ट पर दूसरे जांच परीक्षण के साक्ष्य के रूप में आपके हस्ताक्षरकर्ता द्वारा भी सम्यक रूप से हस्ताक्षर किए गए हैं। जांच परिणामों से पुष्टि होती है कि ये का.आ. संख्या .... तारीख.... में दिए गए अपेक्षित मानदण्डों और मानकों और आपको बाजार में विनिर्मित/आयातित एवं बिक्री कलर टेलीविजन पर लगे लेबल पर दिए गए विवरण को दर्शाने के लिए आपको दी गई अनुज्ञा के निबंधनों और शर्तों को पूरा नहीं करते।

7. अत:, अब ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (कलर टेलीविजन के लेबलों पर उनके प्रदर्शन की विशिष्टियां और रीति) विनियमन 2016 के विनियम 11 के उप विनियम (5) के खण्ड (क) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, ब्यूरो आपको निम्नलिखित का पालन करने का निदेश देता है:-

(i) कलर टेलीविजन के लेबल पर प्रदर्शित स्टार स्तर को सही करें अथवा जांच के दौरान पाई गई त्रुटियों और कमियों को दूर करें;

(ii) ब्यूरो के निर्देशों का पालन करने के लिए बाजार से सभी स्टॉक वापस ले लें; और

(iii) विज्ञापन की सामग्री में प्रदर्शित किए गए विशिष्टियों में परिवर्तन करें।

8. आपको निदेश दिया जाता है कि इस पत्र के जारी किए जाने की तारीख से दो मास के भीतर उल्लिखित सुधारात्मक कार्रवाई पूरी करें और दो मास की समाप्ति के बाद 10 दिन के भीतर अर्थात् ..... तक प्ररूप VI में अनुपालन रिपोर्ट भेजें। यदि कथित तारीख तक कोई अनुपालन रिपोर्ट प्राप्त नहीं होती, तो ब्यूरो, ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (कलर टेलीविजन के लेबलों पर उनके प्रदर्शन की विशिष्टियां और रीति) विनियम, 2016 के विनियम 11 के उप- विनियम (6) के निबंधनों के अनुसार कार्रवाई करेगा।

9. ब्यूरो, ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (कलर टेलीविजन के लेबलों पर उनके प्रदर्शन की विशिष्टियां और रीति) विनियम, 2016 के विनियम 11 के उप-विनियम (5) (6) (7) और (8) के निबंधनों के अनुसार, मामले में आगे और कार्रवाई करेगा।

सचिव,
ऊर्जा दक्षता ब्यूरो

संलग्नक :

1. असफल मॉडल की परीक्षण रिपोर्ट

प्ररूप VI

की गई कार्रवाई की रिपोर्ट

(विनियम 11 के उप नियम (6) देखिए)

(संगठन के लैटर हैड पर प्रस्तुत किया जाए)

सेवा में, तारीख: .....

सचिव

ऊर्जा दक्षता ब्यूरो

(विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार)
चौथा तल, सेवा भवन,
सेक्टर – 1, आर. के. पुरम

नई दिल्ली – 110 066

भारत

ऊर्जा दक्षता ब्यूरो.(कलर टेलीविजन के लेबलों पर उनके प्रदर्शन की विशिष्टियां और रीति) विनियम, 2016 के विनियम 7 के उपबंधों के अनुसरण में, हमें मैसर्स .... कलर टेलीविजन के विनिर्माता की ..... ऊर्जा की खपत मानक के अनुरूप बीईई पत्र सं के लिए ..... तारीख..... मॉडल संख्या ..... द्वारा ..... स्टार लेवल के कलर टेलीविजन पर लेबल लगाने की अनुज्ञा दी गई थी।

विनियम, 2016 ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (कलर टेलीविजन के लेबल पर उनके प्रदर्शन की विशिष्टियां और रीति) के नियमन 11 के उप-विनियम (5) के उपबंधों के अनुसरण में, हम आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई करने के लिए बीईई पत्र संख्या ..... तारीख..... द्वारा निदेश दिया गया। बीईई द्वारा जारी किए गए निदेश को ध्यान में रखते हुए, हम घोषित करते हैं कि हमारी ओर से निम्न कार्रवाईयां की गई हैं।

	निदेशित कार्रवाई	स्थिति	की गई कार्रवाई
(i)	ब्यूरो के निर्देशों का पालन करने के साथ कलर टेलीविजन के स्तर पर प्रदर्शित सही स्टार लेबल	हां / नहीं / लागू नहीं होता	स्टार लेबल (तारीख) से प्रभावी स्टार .....से स्टार ..... तक सही किया गया है।
(ii)	ब्यूरो के निदेशों का पालन करने के साथ बाजार से सभी स्टॉक वापस ले लें। और	हां / नहीं / लागू नहीं होता	बाजार से सभी स्टॉक को ब्यूरो के निदेशों का पालन करने के साथ वापस ले लिया गया है।
(iii)	विज्ञापन सामग्री पर प्रदर्शित ब्यौरे बदलें।	हां / नहीं / लागू नहीं होता	हां / नहीं / लागू नहीं होता

उपरोक्त घोषणा हमारे ज्ञान और विश्वास के अनुसार सही है।

हस्ताक्षर
नाम
पदनाम
कंपनी का नाम / फर्म आदि के लिए और उनकी ओर से
फर्म / कंपनी की मुहर।


अनुसूची

[विनियम 3 के उप नियम (2) देखिए)]


कलर टेलीविजन के लेबलों पर प्रदर्शित की गई विशिष्टियां

(1) लेबल डिजाइन

(i) आयाम :



(ii) कलर स्कीम :



(iii) ऊर्जा दक्षता ब्यूरो लोगो की कलर स्कीम :

नीला –

ह्यू (H)-239° सेचुरेशन (S):64% ब्राइटनेस(B):59%

ल्यूमिनेंस या लाइटनेस (L) :28, क्रोमेटिक पुर्जे -a:24 b:54

लाल (R):54 हरा(G):55 नीला(B):151

सियान (C):97% मैजेंटा (M):95% पीला (Y):6% काला(K):1%

वेब कलर कोड - #363797

हरा -

ह्यू (H)- 150° सेचुरेशन (S): 10% ब्राइटनेस(B): 67%

ल्यूमिनेंस या लाइटनेस (L) : 61, क्रोमेटिक पुर्जे -a: 53 b:32

लाल (R): 0 हरा(G): 170 नीला(B): 87

सियान (C): 81% मैजेंटा (M): 10% पीला (Y): 90% काला (K): 1%

वेब कलर कोड - #00AA56;

(2) **लेबल सामग्री**

लेबल, टिकाऊ गत्ते का होगा, यदि यह एक स्विंग टैग के रूप में संलग्न किया जा रहा है, या स्वयं लगाने वाला हो सकता है और लेबल के लिए आयाम डिजाइन योजना में दिखाई गई रूपरेखा में से एक को काटा जाएगा।"

बी. पी. पाण्डेय, महानिदेशक

[विज्ञापन-III/4/असा./113]

THE BUREAU OF ENERGY EFFICIENCY

NOTIFICATION

New Delhi, the 26th May, 2016.

No. BEE/S&L/CTV/02/2016-17.- Whereas the draft regulations namely, the Bureau of Energy Efficiency (Particulars and Manner of their Display on Labels of Colour Televisions) Regulations, 2015, were published vide notification number BEE/S&L/CTV/02/2015-16, dated the 9th October, 2015, as required under sub-section (1) of section 58 of the Energy Conservation Act, 2001 (52 of 2001), inviting objections or suggestions from persons likely to be affected thereby within the specified period of forty-five days from the date of publication of the said notification in the Official Gazette;

And whereas copies of the said draft regulations were made available to the public on 9th October, 2015;

And whereas suggestions have been received with respect to the said draft regulations within the period aforesaid;

And whereas the suggestions received in this regard have been taken into consideration;

Now, therefore, in exercise of powers conferred by clause (i) of sub-section (2) of section 58 read with clause (n) of sub-section (2) of section 13 and clause (d) of section 14 of the said Act, the Bureau, with the previous approval of the Central Government, hereby makes the following regulations, namely:-

1. Short title and commencement.-(1) These regulations may be called the Bureau of Energy Efficiency (Particulars and Manner of their Display on Labels of Colour Televisions) Regulations, 2016.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. Definition.- (1) In these regulations, unless the context otherwise requires,-

(a) "Act" means the Energy Conservation Act, 2001(52 of 2001) ;

(b) "colour television" means an appliance as specified in the notification under clause (b) of section 14 of the Act;

(c) "Form" means a form appended to these regulations;

(d) "label" means any written, printed, marked, stamped or graphic matter affixed to, or appearing upon, colour television;

(e) "label period" means the validity period of the annual energy consumption under energy consumption standard notified by the Central Government under clause (a) of section 14 and in case the end period of the validity period of the annual energy consumption is not notified, it shall be deemed to be valid until new values for the same are notified by the Central Government;

(f) "models or family of models" means the model or range of models of one particular brand, to which a single set of test reports is applicable and where each of the models has the same physical characteristics, annual energy consumption, energy efficiency rating and performance characteristics;

(g) "permitee" means a person or agency to whom permission has been granted to affix label under regulation 7;

